**मीरजापुर पुलिस**

**प्रेस नोट**

**दिनांकः 02.10.2024**

**महिला सुरक्षा के दृष्टिगत शासन के जीरो टॉलरेन्स की मंशा के अनुरूप ₹ 50 व 25 हजार के इनामियां 02 शातिर बदमाश (लुटेरा/चैन स्नैचर) पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, मौके से अवैध तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर साइकिल बरामद —**

दिनांक 02.09.2024 को थाना विन्ध्याचल क्षेत्रांतर्गत अकोढ़ी तिराहे के पास बाइक (अपाचे) सवार अज्ञात 02 व्यक्तियों (बदमाश) द्वारा मोटरसाइकिल से पति के साथ जा रही महिला से चैन स्नैचिंग की घटना हुई थी। उक्त घटना के सम्बन्ध में त्वारित कार्यवाही करते हुए थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0 162/2024 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा आगामी त्यौहारों/शारदीय नवरात्र मेला विन्ध्याचल 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत शासन के जीरो टॉलरेन्स की मंशा के अनुरूप अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में उक्त घटना से सम्बन्धित ईनामिया अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना विन्ध्याचल को निर्देश दिया गया।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना विन्ध्याचल, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को महिला सुरक्षा व आपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनपद में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बड़ी सफलता हाथ लगी है। इनामिया अभियुक्त विन्ध्याचल मेला में दर्शनार्थी महिलाओं/बालिकओं से स्नैचिंग सम्बन्धित अपराध करने के फिराक में रेकी कर रहे थे जिनके थाना क्षेत्र में होने की सूचना पर थाना विन्ध्याचल, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ₹ 50 व 25 हजार के ईनामियां 02 नफर शातिर बदमाशों 1. विपिन निषाद (₹ 50 हजार का इनामिया) पुत्र मंगला प्रसाद निषाद निवासी मवैया थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज व 2. उज्जवल गौतम (₹ 25 हजार का इनामिया) पुत्र निगम गौतम निवासी सरपतिया चक बबूरा थाना नैनी जनपद प्रयागराज को आज दिनांकः 02.10.2024 को थाना विन्ध्याचल क्षेत्रांतर्गत अकोढ़ी सीताकुण्ड के पास से वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। दौराने गिरफ्तारी अभियुक्तों द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी है। पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु मण्डलीय चिकित्सालय मीरजापुर भिजवाया गया है, जहां चिकित्सकों द्वारा स्थिति सामान्य बताई गयी। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस मुठभेड़ की घटना में प्रयुक्त 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा व 02 अदद खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद अपाचे मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद किया गया। उक्त पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण —**

1.विपिन निषाद पुत्र मंगला प्रसाद निषाद निवासी मवैया थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज, उम्र करीब-35 वर्ष। (₹ 50 हजार का इनामिया)

2.उज्जवल गौतम पुत्र निगम गौतम निवासी सरपतिया चक बबूरा थाना नैनी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब-22 वर्ष। (₹ 25 हजार का इनामिया)

**विवरण बरामदगी —**

02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा व 02 अदद खोखा कारतूस व एक अदद अपाचे मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) ।

**घटना स्थल/गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक—**

अकोढ़ी सीताकुण्ड के पास, आज दिनांकः 02.10.2024 को।

**आपराधिक इतिहास (विपिन निषाद)—**

1. मु0अ0सं0- 156/2017 धारा 379,411 भादवि थाना नैनी जनपद प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0- 250/2017 धारा 392,411 भादवि थाना नैनी जनपद प्रयागराज।

3. मु0अ0सं0- 254/2017 धारा 41,411 भादवि थाना नैनी जनपद प्रयागराज।
4. मु0अ0सं0- 542/2019 धारा 392,401,411 भादवि थाना घुरपुर जनपद प्रयागराज।
5. मु0अ0सं0- 545/2019 धारा 3/25 आयुध अधि. थाना घुरपुर जनपद प्रयागराज।
6. मु0अ0सं0- 298/2020 धारा 2/3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना घुरपुर जनपद प्रयागराज।
7. मु0अ0सं0- 91/2020 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि. थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज।
8. मु0अ0सं0- 225/2020 धारा 392,411 भादवि थाना माण्डा जनपद प्रयागराज।
9. मु0अ0सं0- 227/2020 धारा 392,411 भादवि थाना माण्डा जनपद प्रयागराज।
10. मु0अ0सं0-382/2021 धारा 379,420,467,468,411 भादवि थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज।
11. मु0अ0सं0-76/2013 धारा 356,392 भादवि थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज।
12. मु0अ0सं0-161/2013 धारा 356,392,411,420 भादवि थाना कीडगंज जनपद प्रयागराज।
13. मु0अ0सं0- 82/2022 धारा 392 भादवि थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।
14. मु0अ0सं0- 99/2023 धारा 3(1) उ.प्र. गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवा. अधि. थाना गोपीगंज जनपद भदोही।
15. मु0अ0सं0- 121/2022 धारा 406,411,420 भादवि थाना गोपीगंज जनपद भदोही।
16. मु0अ0सं0- 128/2022 धारा 406,411,420 भादवि थाना गोपीगंज जनपद भदोही।
17. मु0अ0सं0- 147/2022 धारा 392,411 भादवि थाना गोपीगंज जनपद भदोही।
18. मु0अ0सं0-152/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना गोपीगंज जनपद भदोही।
19. मु0अ0सं0- 154/2022 धारा 3/25 आयुध अधि. थाना गोपीगंज जनपद भदोही।
20. मु0अ0सं0- 274/2021 धारा 392,411 थाना गोपींगंज जनपद भदोही।
21. मु0अ0सं0-280/2021 धारा 392,411 थाना गोपींगंज जनपद भदोही।
22. मु0अ0सं0- 295/2021 धारा 379,411,413,419,420,467,467,471 भादवि थाना गोपीगंज जनपद भदोही।
23. मु0अ0सं0- 297/2021 धारा 3/25 आयुध अधि. थाना गोपीगंज जनपद भदोही।
24. मु0अ0सं0 –394/2021 धारा 3(1) उ.प्र.गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवा.अधि.थाना गोपीगंज जनपद भदोही।
25. मु0अ0सं0- 4/2022 धारा 379,411 भादवि थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही।
26.मु0अ0सं0-249/2022 धारा 3(1)उ.प्र.गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवा. अधि. थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —**

प्रभारी निरीक्षक थाना विन्ध्याचल-चन्द्र प्रकाश पाण्डेय मय पुलिस टीम।
निरीक्षक राजीव कुमार सिंह प्रभारी एसओजी मय पुलिस टीम।
उप निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस मय पुलिस टीम।